RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 17 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 206 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# दिल्ली नहीं जाऊंगा, नागपुर से लड़ूंगा चुनाव फडणवीस का खुलासा... !

## शीतकालीन सत्र से पहले विस्तार के संकेत



**मुंबई :** राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने साफ किया है कि वे अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव लड़ कर दिल्ली नहीं जाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वे नागपुर से ही अगला विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। फडणवीस ने यह बात गुरुवार को अपने आवास पर संवाददाताओं से हुई बातचीत में कही। पिछले कई महीनों से ऐसी चर्चा चल रही थी कि केन्द्रीय नेतृत्व फडणवीस को दिल्ली की राजनीति में मौका देने का मन बना रहा है। लेकिन फडणवीस ने ऐसी सभी कयासों को खारिज किया है। वे मौजूदा समय में नागपुर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब फडणवीस से मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि नागपुर में अगले महीने होने वाले शीतकालीन सत्र से पहले मंत्रिमंडल विस्तार हो जाए। उनके इस बयान को काफी अहम माना जा रहा है। विस्तार न होने से शिंदे गुट में काफी नाराजगी है।

**अगली बार फिर पीएम बनेंगे नरेंद्र मोदी**

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देश के लोगों ने पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक और कार्यकाल देने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि 2024 के आम चुनाव में भी बीजेपी भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी। विपक्ष जितना भी जोर लगा ले, लोग अपना मन नहीं बदलेंगे।

### सीएम ने किया है मराठा आरक्षण का वादा

**उपमुख्यमंत्री ने मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल के जारी राज्य व्यापी दौरे के बारे में कहा कि उनकी प्राथमिकता कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने की है। मैंने सभी मंत्रियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि कहीं भी किसी प्रकार का तनाव न हो। उन्होंने कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे ने मराठा समाज को आरक्षण दिलाने का वादा किया है। ऐसे में सभी को इस पर विश्वास करना चाहिए।**

# बीजेपी को फ्री हिट और हमारा हिट विकेट...

## उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग को लेकर कही ये बात



**मुंबई :** शिवसेना-यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि यह बीजेपी के नारों को लेकर उसे 'फ्री हिट' दे रही है जबकि हमारे नारों पर हमें 'हिट विकेट' कर रही है. ऐसा लगता है कि निर्वाचन आयोग ने चुनाव के नियमों में कोई बदलाव किया है. अगर चुनाव के नियम में बदलाव किया गया है तो हमें इससे कोई दिक्कत नहीं है. कोई बदलाव किया गया है तो इसकी जानकारी सभी को होनी चाहिए और सभी के लिए समान होना चाहिए. उद्धव ठाकरे ने आगे बीजेपी पर हमला करते हुए कहा, ''चुनाव आयोग बताए कि 1995 में हिंदुत्व का प्रचार करने पर बालासाहेब ठाकरे के मताधिकार पर रोक लगाना सही था? या प्रधानमंत्री का चुनाव प्रचार के दौरान बजरंगबली का नारा देकर वोट देने का अपील करना सही है? इन्हीं सब बातों को लेकर हम स्पष्टीकरण चाहते हैं इसलिए आज सुबह ही चुनाव आयोग को हमने एक पत्र लिखा है.''

**चुनाव आयोग की बुराई करने नहीं बैठा हूं- ठाकरे**

उद्धव ने आगे कहा, ''मुझे अभी जानकारी मिली है कि प्रियंका गांधी, राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल को भी चुनाव आयोग की तरफ से नोटिस भेजा गया है. मैं चुनाव आयोग की बुराई करने के लिए यहां नहीं बैठा हूं. चुनाव आयोग जागरूक है. हमें बस इतना जानना है कि अगर चुनावी प्रक्रिया में कोई बदलाव किया गया है तो वह हमें बताएं.''

### हमारा हिट विकेट लेना सही नहीं- उद्धव ठाकरे

उद्धव ठाकरे ने विश्व वर्ल्ड कप में क्रिकेटर विराट कोहली के 50वां शतक पूरा करने पर उन्हें बधाई दी और कहा कि ''हमारी पीढ़ी के लोगों ने क्रिकेट के तीन दिग्गज खिलाड़ियों को दिखा. पहले सुनील गावस्कर, दूसरा सचिन तेंदुलकर और अब विराट कोहली. देश में इस समय क्रिकेट का माहौल है. वर्ल्ड कप को लेकर सब लोग उत्साहित है. क्रिकेट के साथ- साथ देश के कुछ राज्यों में चुनाव भी हैं. जिस तरह से क्रिकेट में कई नियम होते हैं ठीक है वैसे ही चुनाव में आचार संहिता होता है. शिवसेना ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा है. हमारे मन में कुछ चीजों को लेकर शंका है. बीजेपी को फ्री हिट देना और हमारा हिट विकेट लेना यह सही नहीं है. इसको निष्पक्ष तरीके से चुनाव करना नहीं बोलते हैं.''

### हम भी जय भवानी बोल वोट मांगेंगे- ठाकरे

ठाकरे ने आगे कहा, ''बीजेपी ने तो कर्नाटक में 'बजरंग बली की जय' बोलकर मतदान करने बोला. अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'बजरंगबली की जय' बोलकर लोगों से चुनाव में वोट देने की अपील कर सकते हैं तो आने वाले चुनाव में मैं भी अपने लोगों से 'जय भवानी' और 'जय शिवाजी' कहकर वोट देने की अपील करूंगा. 'जय श्री राम' बोलकर वोट करें. 'गणपति बप्पा मोरिया' बोलकर वोट देने की अपील करूंगा.''

## डॉक्टर पर हमला किया शख्स ने हमला, मामला दर्ज



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में किसी विवाद को लेकर एक अज्ञात व्यक्ति ने 34 वर्षीय डॉक्टर पर उनके क्लीनिक में कथित तौर पर, हमला किया और भागते वक्त उसकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी व्यक्ति 13 नवंबर की शाम मुंब्रा इलाके के कौसा में डॉक्टर के क्लीनिक में गया था। उस वक्त डॉक्टर एक मरीज की जांच कर रहा था। मुंब्रा पुलिस के एक अधिकारी ने डॉक्टर की शिकायत के हवाले से बताया कि हमलावर के हाथ में एक डिब्बा था और उसने कहा कि उसने अपनी पत्नी को तलाक दे दिया है और डॉक्टर के लिए मिठाई लाया है।

# मुंबई, ठाणे, भिवंडी में पानी कटौती, 20 नवंबर से 2 दिसंबर तक रहेगा जलसंकट!



**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को जलापूर्ति करने वाले 7 जलाशयों में एक साल का पर्याप्त जल भंडारण है। हालांकि मुंबई, ठाणे और भिवंडी मनपा क्षेत्र के कई इलाकों में जल संकट का खतरा निर्माण हो गया है। मुंबई को जलापूर्ति करने वाले पाइस बांध में न्यूमेटिक गेट सिस्टम में एयर ब्लैडर को बदलने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य की वजह से मुंबई, ठाणे और भिवंडी के कई इलाके में जलापूर्ति प्रभावित होगी। प्रशासन ने सोमवार 20 नवंबर से शनिवार 2 दिसंबर 2023 तक कई क्षेत्रों में 10 प्रतिशत पानी कटौती करने का निर्णय लिया है।

बीएमसी प्रशासन की ओर से सभी नागरिकों से उक्त कालावधि में पानी कटौती से एक दिन पहले आवश्यक जल भंडारण रखने की जानकारी दी जाएगी। बीएमसी प्रशासन ने सभी से जल कटौती अवधि के दौरान पानी का संयमित उपयोग करने और प्रशासन को सहयोग करने का अनुरोध किया है। पाइस बांध एक कम पानी वाला जलाशय है जो भातसा झील से पानी का भंडारण और चैनलाइज करता है, जो मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली सात झीलों में से एक है। इसके काम की वजह से मुंबई, भिवंडी और ठाणे जिले के कई हिस्सों में 20 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच पानी की आपूर्ति में कटौती का सामना करना पड़ेगा। पाइस बांध से ठाणे में कई औद्योगिक और आवासीय इलाकों में पानी की आपूर्ति की जाती है।

**13 दिनों तक रहेगी कई इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित**

बीएमसी ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि पाइस बांध पर न्यूमेटिक गेट सिस्टम में एयर ब्लैडर को बदलने का काम सोमवार 20 नवंबर से शुरू किया जाएगा। इस काम की वजह से 13 दिनों तक मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। इसके अलावा ठाणे और भिवंडी मनपा के अधीन कई इलाके भी इस अवधि के दौरान प्रभावित होंगे।

# नशीले पदार्थों के सेवन से एक साल में सात लोगों की मौत... बुलढाणा जिले में बढ़ी बिक्री की मात्रा




**बुलढाणाः** एक ओर जहां आरक्षण का मुद्दा गरमाया हैं, वहीं दूसरी ओर राज्य में नशे का मुद्दा भी गरमाया हुआ है. आपको बतादें कि बुलढाणा जिले में नशे के पदार्थ को बड़ी मात्रा में बेचा जा रहा है. इन दवाओं के सेवन से पिछले साल सात लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोग अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं. बुलढाणा जिले में नशीली दवाओं जैसे पाउडर बड़ी मात्रा में बेचे जा रहे हैं. ऐसा कहा जाता है कि सिंधखेड़ाराजा तालुक के खामगांव, लखनवाड़ा और साखरखेरदा गांवों में इसका एक बड़ा नेटवर्क है। इस नशीली दवा को ताड़ी पाउडर कहा जाता है और कुछ लोग इसे नशीली दवा भी कहते हैं। इस चूर्ण को पानी में मिलाकर सेवन किया जाता है। एक ओर जहां इसकी तादाद बढ़ती जा रही है, उसकी अपेक्षा अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो पा रही है. सामने आया है कि साखरखेरड़ा गांव में नशे जैसे पदार्थ के सेवन से एक साल में सात लोगों की मौत हो चुकी है. कितने ही लोगों का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। इसलिए साखरखेरड़ा के ग्रामीणों ने इन विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शुक्रवार 17 नवंबर 2023



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### हिमालय क्षेत्र में अनियंत्रित निर्माण पर ध्यान देने की आवश्यकता

हिमालय के ऊपरी हिस्से में एक सुरंग के निर्माण के दौरान उसके ढह जाने से 40 श्रमिक फंस गए और उन्हें बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की चार धाम राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का यह हिस्सा उत्तरकाशी क्षेत्र में ब्रह्मखाल और यमुनोत्री के बीच स्थित है।

यह मानने की पर्याप्त वजह है कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं होगी और कामगार इस मुश्किल परिस्थिति से सकुशल निकल आएंगे लेकिन यह एक और चेतावनी है कि देश के बड़े पहाड़ी इलाकों में अधोसंरचना परियोजनाओं को राजनीतिक कारणों से बढ़ावा दिया जा रहा है तथा इस दौरान तकनीकी और पर्यावरण संबंधी आकलन को बिल्कुल ध्यान में नहीं रखा जा रहा है।

ऐसा आकलन अहम काम को टालने का जरिया नहीं है। बल्कि इनकी मदद से यह सुनिश्चित किया जाता है कि इन कठिन क्षेत्रों में होने वाला निर्माण वहां काम कर रहे लोगों या बाद में उसका इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए किसी तरह जोखिम भरा साबित न हो।

ये इलाके भूस्खलन, अचानक आने वाली बाढ़ और यहां तक कि भूकंप के जोखिम वाले होते हैं। यहां होने वाले अधोसंरचना निर्माण का पर्याप्त मजबूत होना आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में ये निर्माण कई तरह के खतरों की जद में रहते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण न केवल मौसम में अतिरंजित बदलाव हुए हैं बल्कि बादल फटने की घटनाएं भी घटी हैं। इस संदर्भ में चार धाम राजमार्ग जैसी विशालकाय निर्माण परियोजनाओं को तब तक खतरनाक माना जाना चाहिए जब तक कि उन्हें जलवायु वैज्ञानिकों और पारिस्थितिकी विशेषज्ञों की निगरानी में ध्यानपूर्वक तैयार नहीं किया गया हो। प्रत्येक कुछ सप्ताह में ऐसी खबर आती है कि इस क्षेत्र में किसी न किसी बड़ी परियोजना के साथ कुछ न कुछ घटित होता है। अभी कुछ सप्ताह पहले ही असम और अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर सुबनसिरि लोअर जलविद्युत परियोजना को एक भीषण भूस्खलन का सामना करना पड़ा जिसके चलते इस क्षेत्र में निर्माण कार्य खतरे में पड़ गया।

भूस्खलन के कारण वह इकलौती सुरंग बंद हो गई जिसका इस्तेमाल यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा था कि नदी का पानी आसपास के उस इलाके में पहुंचे जहां बांध का निर्माण हो रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि भूस्खलन के कारण आठ अलग-अलग नहरें भी प्रभावित हुई जिन्हें रास्ता बदलने के लिए इस्तेमाल किया जाना था। अक्टूबर के आरंभ में तीस्ता नदी के ऊपरी इलाके में अचानक आई बाढ़ के कारण चुंगथांग बांध के कुछ हिस्से बह गए और तीस्ता वी पावर स्टेशन (खबर के मुताबिक एक जान भी गई) को बंद करना पड़ा। तीस्ता-3 और तीस्ता-4 को गाद और कीचड़ से नुकसान पहुंचा और तीस्ता-6 के निर्माण को काफी नुकसान पहुंचा। राष्ट्रीय जल विद्युत निगम (एनएचपीसी) ने एक नियामकीय फाइलिंग में बताया कि उसे 233.56 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इससे पहले गर्मियों में केंद्रीय बिजली प्राधिकरण ने अनुमान लगाया था कि जुलाई में आई बाढ़ के कारण जलविद्युत क्षेत्र को 164 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। अब वक्त आ गया है कि हम एक कदम पीछे लेकर उस प्रक्रिया का दोबारा आकलन करें जिसके माध्यम से ऐसी परियोजनाओं को मंजूर किया जाता है। चार धाम जैसी सामाजिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति इस बात का विकल्प नहीं हो सकती है कि वे तकनीकी रूप से व्यावहारिक हैं भी या नहीं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# दिपावली की छुट्टी मनाने गए बंद घर में सेंधमारी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

## पुलिस ने 6 घंटे के भीतर मामले को सुलझाते हुए डेढ़ लाख के आभूषण किए जब्त!

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी के शांतिनगर पुलिस ने शांति नगर इलाके के चिस्तिया मस्जिद के पास दिपावली की छुट्टी मनाने हाजी मलंग गए महिला के बंद घर में सेंधमारी के एक मामले को सुलझाते हुए 6 घंटे के अंदर 2 चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से चोरी किए गए सोने और चांदी के 1 लाख 61 हजार रूपए कीमत के जेवरात बरामद किया है । शांतिनगर पुलिस स्टेशन में आयोजित पत्रकार परिषद में जानकारी देते हुए शांतिनगर पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर इंदलकर ने बताया कि शांतिनगर इलाके के चिस्तिया मस्जिद , बाबा होटल के पास निजाम की गली में रहने वाली शाइन खातून मोहम्मद हसीन अंसारी 30 मोती पुराने का काम करती है , दिवाली पर बच्चों की छुट्टी होने के कारण शाइन अपने



बहन के साथ कल्याण के हाजी मलंग पहाड़ पर जियारत के लिए पूरे परिवार के साथ गई थी इस दौरान वह दो दिन वहीं रुक गई , लेकिन जब वापस आया तो देखा के उस के घर का ताला टूटा हुआ है और घर में रखी अलमारी का सामान अस्त-व्यस्त है जबकि अलमारी से 1 लाख 61 हजार रुपये कीमत के अलग-अलग सोने और चांदी के आभूषण भी चोरी हो गए है । जिसकी शिकायत शाइन ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी । वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर इंदलकर ने बताया कि सेंधमारी के इस मामले को पुलिस ने मुखबिर की जानकारी और तकनीकी सहायता से महज 6 घंटे के भीतर सुलझाने में सफलता प्राप्त की है। इस दौरान पुलिस को पता चला कि इसमें शामिल 2 शातिर चोर रेहान अन्सार आलम अन्सारी 22 और मो. दानिश रियाज अहमद अन्सारी 28 जो गायत्रीनगर के रहने वाले है भादोड़ के पाइप लाइन इलाके में कहीं छिपे बैठे है जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछा कर दोनों आरोपियों को गिरफतार कर लिया , पुलिस ने गिरफ्तार दोनो आरोपियों से कड़ी पूछताछ की तो दोनो ने अपना अपराध कबूल कर लिया, पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 लाख 27 हजार रुपए के सोने के जेवरात जिन में एक सोने की चेन, तीन जोड़ी सोने की बालियां, दो जोड़ी सोने की नाक की बालियां इसी तरह आठ जोड़ी पैजन, दो जोड़ी मेहंदी छल्ला, एक चांदी की चेन जिनकी कीमत 34 हजार रूपए इस तरह कुल 1 लाख 61 हजार रूपए का माल बरामद किया है । पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवळे , सहा. पोलीस आयुक्त किशारे खैरनार , वरिष्ठ पोलीस निरिक्षक शंकर इदलकर , पुलीस निरिक्षक निलेश बडाख के मार्गदर्शन में शांतीनगर पोलीस की जांच टीम पोउनि सुरेश घुगे, पोडनिबाळासाहेब गव्हाणे , पोना किरण जाधव, पोशि नरसिंग क्षिरसागर, पोशि रविन्द्र पाटील, पोशि तोफिक शिकलगार ने अंजाम ।दिया है ।

# घाटकोपर स्टेशन के सामने मेट्रो के नीचे दबंगई दिखाकर खड़ी की गई दुकान बनी चर्चा का विषय

## घाटकोपर स्टेशन पश्चिम के सामने भाऊ वाडा पाव के बगल दो घंटे मे खड़ी किया जमींदोज दुकान




**मुंबई (मुंबई संवाददाता)** धन तेरस के दिन दीवाली से पहले घाटकोपर स्टेशन पश्चिम के सामने भाऊ वाडा पाव के बगल दो घंटे मे खड़ी हुई जमींदोज दुकान ! प्रशासनिक विभाग विशेषकर एन प्रभाग के सहायक आयुक्त, मनपा उपायुक्त के संरक्षण मे स्थानीय पोलिस की मिली भगत कर कुछ दिन पूर्व अवैध बांध काम करने को लेकर एन मनपा विभाग के बिल्डिंग फैक्टरी विभाग के तोड़ू दस्ते ने तोडु कारवाई कर जमीन दोज कर दिया था अवैध निर्माण !

कहते है की उसी अवैध निर्माण को तोड़क कारवाई होने के बाद दिवाली के एक दिन पूर्व धनतेरस के दिन शाम के वक्त ढेरों दर्जनों बाउंसरो महिलाओ का झुंड की व्यवस्था कर स्थानीय लोकल पोलिस के सहयोग से अवैध निर्माण खड़ा करने मे कामयाब हो गये कानून प्रशासनिक महकामे को ताक मे रखकर अवैध निर्माण खड़ा किया ! बीएमसी और स्थानीय पोलिस का भ्रस्टाचार का उदाहरण आज पुरे घाटकोपर मे चर्चा का विषय बन गया है !

**बीएमसी तोड़क कारवाई के बाद फिर से खड़ा किया अवैध गाले का निर्माण**

# रामकथा के उपलक्ष्य में लिट्टी चोखा का आयोजन, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ



**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी के मानसरोवर इलाके में आगामी सात दिसंबर से आयोजित होने वाली ॐ श्रीमद भागवत के उपलक्ष्य में सुंदरकांड के साथ ही लिट्टी चोखा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमे शहर भर के विभिन्न समाज के तीन सौ से ज्यादा लोग शामिल होकर इसका आनंद उठाया। ॐ श्रीराम कथा ज्ञान समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि मानसरोवर में इंट्री गेट के बगल खुले ग्राउंड में आगामी सात दिसंबर से 15 दिसंबर तक ॐ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है ।जहां पर अतुल जी महाराज के मुखारबिंद से श्रीमद् भागवत कथा सुनाया जाएगा ।उन्होंने बताया इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में भाई दूज की शाम सभी कार्यकताओं के विचारो के जानने व कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से सुंदरकांड का भव्य आयोजन किया गया था ।जिसके समापन के बाद उत्तर भारतीय व्यंजन लिट्टी चोखा का आयोजन किया गया था ।जिसमे शाहरभर के तीन सौ से ज्यादा लोगों ने सहभागी होकर इसका आनंद उठाया ।सभी ने इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन मन धन के साथ सहयोग करने की कसमें खाई ।उन्होंने बताया अतुल जी महाराज के मुखारबिंद द्वारा इसके पहले समाजसेवक अनिल सिंह के सौजन्य के कई बाद भिवंडी शहर में श्रीमद भागवत कथा किया जा चुका है ।इस बार भी उनके कथा श्रवण को लेकर लोगो में काफी जिज्ञासा है ।कार्यक्रम की जोरदार तैयारी चल रही है।




# '7 संदिग्ध लोग बंदूकों के साथ कांदिवली में कर रहे सफर'

## मुंबई पुलिस को आया धमकी भरा कॉल, इसके बाद...

**मुंबई :** मुंबई पुलिस उस शख्स की तलाश कर रही है जिसने 'फर्जी धमकी भरा कॉल' किया था जिसमें कहा गया था कि 7 संदिग्ध लोग बंदूकों के साथ मुंबई के कांदिवली इलाके से एक कार में यात्रा कर रहे थे. साझा किए गए विवरण के अनुसार, इसके बाद पता चला कि, मुंबई पुलिस ने पाया कार में एक परिवार यात्रा कर रहा था और इसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं था.

**पुलिस को पहले भी मिल चुकी है धमकी**


भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले मुंबई पुलिस को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक धमकी भरा संदेश मिला कि मैच के दौरान आयोजन स्थल पर एक घटना को अंजाम दिया जाएगा. इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम और उसके आसपास के इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है.



**मुंबई पुलिस ने दी ये जानकारी**

मुंबई पुलिस ने कहा, ''किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर मुंबई पुलिस को धमकी भरा संदेश पोस्ट किया कि आज वानखेड़े स्टेडियम में भारत बनाम न्यूजीलैंड के दौरान एक नापाक घटना को अंजाम दिया जाएगा. स्टेडियम के आसपास के क्षेत्र में कड़ी निगरानी की जा रही है.'' और आस-पास के इलाके. उस व्यक्ति ने अपने पोस्ट पर मुंबई पुलिस को टैग किया था और एक फोटो में बंदूक, हथगोले और गोलियां दिखाई थीं. ''अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने एक्स से उक्त उपयोगकर्ता का विवरण मांगा है और उस व्यक्ति का पता लगाने की कोशिश कर रही है. मंगलवार को मुंबई पुलिस के ट्विटर सेल के अधिकारियों ने अपने वरिष्ठों को एक संदिग्ध दिखने वाली पोस्ट के बारे में सूचित किया था.

# महाराष्ट्र की राजनीति शरद पवार व उद्धव के इर्द-गिर्द केंद्रित रहेगी : संजय राउत



**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने बुधवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार और उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के प्रमुख नेता हैं और राज्य की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूमेगी। राउत ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का शरद पवार नीत गुट 2024 के लोकसभा चुनावों में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाले बागी समूह को पराजित कर देगा। राउत ने पत्रकारों से कहा, ''इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि शरद पवार और (उनके भतीजे) अजित पवार (जुलाई में पार्टी में विभाजन के बाद) एक साथ दिख रहे हैं। 2024 में शरद पवार गुट अजित पवार को धूल चटा देगा। राज्य की राजनीति शरद पवार और उद्धव ठाकरे के इर्द-गिर्द ही घूमेगी।''

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस उन सभी पांच राज्यों में जीत हासिल करेगी जहां नवंबर में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं (जिनमें से मिजोरम में मतदान हो चुका है)। उन्होंने कहा कि यह 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए माहौल तैयार करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मंगलवार को मध्य प्रदेश की एक चुनावी रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को 'मूर्खों का सरदार'कहे जाने के बारे में पूछे जाने पर, राउत ने कहा कि यह केरल से लोकसभा सदस्य से भाजपा के डर को दशार्ता है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा, ''जो लोग राहुल गांधी को 'मूर्खों का सरदार'कहते हैं, उन्हें एहसास हो गया है कि राजनीतिक हवा किस तरफ बह रही है। अगर राहुल गांधी 'मूर्खों का सरदार'हैं, तो आप उनके बारे में क्यों बात करते हैं? अगर आप दिन-रात उनकी आलोचना कर रहे हैं, तो यह राहुल से भाजपा के डर को दशार्ता है।''राउत ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे दिवाली के बाद राज्यव्यापी दौरे पर निकलेंगे।

## मेहकर टोल कर्मचारियों को पिछले दो महीनों से वेतन नहीं

**मुंबई :** 'समृद्धि' महामार्ग गरीबी के रास्ते पर है, ऐसा इसलिए है, क्योंकि समृद्धि महामार्ग पर बना मेहकर टोल बूथ बंद कर दिया गया है, जिसकी वजह से लोग ऐसी बात कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस टोल नाका पर काम करनेवाले कर्मचारियों ने ही इसे बंद कर दिया है। क्योंकि कर्मचारियों को पिछले दो महीनों से वेतन नहीं मिला है। दिवाली के इस अवसर पर जहां हर कोई बोनस और गिफ्ट मिलने से खुश हैं तो वहीं समृद्धि महामार्ग के लिए यह दिवाली काली हो गई है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी को लाखों कमाकर देनेवाले टोल कर्मचारियों को पिछले दो महीनों से भुगतान नहीं किया गया है। उन्हें यह उम्मीद थी कि कम से कम दिवाली तक बोनस के साथ वेतन तो अवश्य मिल जाएगा, लेकिन बोनस तो दूर की कौड़ी, वेतन के भी लाले पड़े हैं। यही नहीं कर्मचारियों का 'पीएफ' खाता भी नहीं खोला गया है। शुरूआत में टोल संचालन करने वाली कंपनी ने इस काम को दूसरी कंपनी को आउटसोर्स कर दिया।

## नायगांव पुलिस की कार्रवाई में 4 चोर गिरफ्तार... 8 मामलों का खुलासा

**नायगांव :** नायगांव पुलिस स्टेशन की अपराध जांच शाखा ने जबरन चोरी व रिक्शा चोरी करने के मामले में 4 शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें 2 शातिर चोर सगे भाई है। इनकी गिरफ्तारी से 8 अपराध का खुलासा हुआ है। इनके पास से 2 लाख से अधिक का माल बरामद किया गया है। यह कार्रवाई डीसीपी पौर्णिमा चौगुले व एसीपी पद्म बड़े के मार्गदर्शन में नायगांव थाने के सीनियर पीआई रमेश भामे व अपराध पीआई सागर टिलेकर के नेतृत्व में गणेश केकान की टीम ने की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नायगांव थाने में जबरन मोबाइल छिनैती व रिक्शा चोरी के अपराध दर्ज किए गए थे। मामले में नायगांव पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ कलम 392 व 379 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के तकनीकी विश्लेषण और गुप्त मुखबिरों के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर अपराधों की जांच करके आरोपी आकाश बन्सी जैस्वाल ( 23 ), रहीम सलीम खान ( 20 ), अंकुश रंगनाथ सजणे ( 25 ) और अनंत रंगनाथ सजणे ( 23 ) को हिरासत में लिया।

# आधार कार्ड दिखाइए फ्री खाना खाइए, इस होटल में 'मनोज' नाम के शख्स के लिए चल रहा है मस्त ऑफर

**मुंबई :** मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन करने वाले मनोज जारांगे का नाम न केवल राज्य में बल्कि देश में भी चर्चा में आ गया है. इसलिए, मनोज जारांगे और मराठा आरक्षण की मांग का समर्थन करने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं. छत्रपति संभाजी नगर जिले के एक होटल संचालक ने भी मनोज जारांगे का समर्थन करने के लिए एक शानदार ऑफर शुरू किया है. इसलिए सोशल मीडिया पर इस ऑफर की जमकर चर्चा हो रही है. क्योंकि इस होटल में सीधे तौर पर मनोज नाम के शख्स को मुफ्त खाना दिया जा रहा है. हालांकि, इसके लिए एक शर्त भी रखी गई है.

**इस नाम के शख्स को मिलेगा मुफ्त खाना**

मराठा आरक्षण की मांग को लेकर पूरे राज्य का मनोज जरांगे दौरा करने वाले हैं. महाराष्ट्र में इस वक्त शायद ही ऐसा कोई होगा जो मनोज जरांगे के नाम को नहीं जानते होंगे. महाराष्ट्र के कई लोगों द्वारा मनोज जारांगे के आंदोलन का अलग-अलग तरीकों से समर्थन किया जा रहा है. इस बीच, धुले-सोलापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर छत्रपति



संभाजीनगर जिले के पचोद के अमृत होटल के मालिक बालासाहेब भोजने ने भी मनोज जरांगे पाटिल का समर्थन करने के लिए एक असाधारण पेशकश शुरू की है. उन्होंने अपने होटल में डिनर के लिए आने वाले मनोज नाम के शख्स को मुफ्त खाना देने का ऐलान किया है. लेकिन इसके लिए शर्त रखी गई है कि मनोज नाम के व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपने साथ लाना होगा. अमृत होटल छत्रपति संभाजीनगर जिले के पचोद गांव के पास धुले-सोलापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है. इस होटल के मालिक बालासाहेब भोजने हैं. भोजने ने जारांगे पाटिल को समर्थन देने के लिए एक अलग पहल चलायी है. जिसमें उन्होंने कहा कि 'मनोज'नाम के शख्स को आधार कार्ड दिखाकर मुफ्त में खाना दिया जा रहा है. उनके इस बेहद ऑफर को लेकर इलाके में जोरदार चर्चा देखी जा रही है.

# असम के मंत्री अतुल बोरा को मिली जान से मारने की धमकी...

## पुलिस ने एक व्यक्ति को लिया हिरासत में

**गुवाहाटी :** सोशल मीडिया पर असम के मंत्री अतुल बोरा को धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को ये बात कही। असम पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने मंगलवार को एक मामला दर्ज किया था और बोरा को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिलने पर जांच शुरू की थी। सिंह ने कहा कि शिवसागर जिले के गौरीसागर में बामुन मोरन गांव के एक 31 वर्षीय युवक को उसके फेसबुक पोस्ट के लिए उठाया गया



है, जिसमें कथित तौर पर राज्य के कृषि मंत्री को धमकी दी गई थी।

उन्होंने एक्स के एक पोस्ट में कहा, ''हिरासत पर्याप्त सबूतों पर आधारित है।''बोरा राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की सहयोगी असम गण परिषद के अध्यक्ष भी हैं। इससे पहले, प्रतिबंधित उल्फा का हिस्सा होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने एक स्थानीय समाचार पोर्टल के फेसबुक पेज के टिप्पणी अनुभाग में बोरा के क्वार्टर में बम होने की कथित धमकी दी थी। डीजीपी ने कहा था, निर्वाचित प्रतिनिधियों के खिलाफ ऐसी कोई भी धमकी स्वीकार्य नहीं होगी क्योंकि यह लोकतांत्रिक राजनीति को खतरे में डालती है।

# ठाणे में महिला को किया आत्महत्या के लिए मजबूर, असम के 2 वसूली एजेंट गिरफ्तार...

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में राजकीय रेलवे पुलिस ने 34 वर्षीय एक महिला को आत्महत्या के लिए कथित तौर पर मजबूर करने के आरोप में असम के दो ऋण वसूली एजेंट को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ निरीक्षक पंधारी कांडे ने यहां बताया कि लक्ष्णा नरेंद्र यादव ने छह जुलाई को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के दिवा में



एक ट्रेन के सामने कूदकर कथित तौर पर अपनी जान दे दी थी। जांच से पता चला कि उसने एक ऑनलाइन ऐप के माध्यम से 19 हजार रुपये का ऋण लिया था और ऋणदाता कंपनी के दो वसूली एजेंट उसे कर्ज चुकाने के लिए परेशान कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने पीड़िता पर दबाव बनाने के लिए उसकी तस्वीरों से कथित तौर पर छेड़छाड़ की और उन्हें सोशल मीडिया




# आदित्य ठाकरे ने इन परियोजनाओं के पूरा होने और उद्घाटन में देरी को लेकर उठाए सवाल

**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने बुधवार को मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) परियोजना के पूरा होने और पूरी तरह से तैयार नवी मुंबई मेट्रो के उद्घाटन में देरी पर सवाल उठाया और कहा कि परियोजनाओं में देरी से उनकी लागत बढ़ रही है और भ्रष्टाचार के लिए गुंजाइश में भी वृद्धि हो रही है. उन्होंने कहा, ''सवाल यह है कि इतनी देरी क्यों? जब महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी तब तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इसका पहला गर्डर (एमटीएचएल का) शुरू किया था और एक मंत्री के रूप में इसकी प्रगति पर नजर रखने के लिए हर महीने निर्माण स्थल पर जाना मेरा कर्तव्य था. ''पूर्व मंत्री ने कहा, ''हमारी एमवीए सरकार को अनैतिक तरीकों से (जून 2022 में) गिराने तक परियोजना 85 प्रतिशत पूरी हो चुकी थी. अब उन्हें बाकी काम पूरा करने में लगभग डेढ़ साल लग गए?''

मध्य मुंबई के वर्ली से विधायक ने कहा कि वर्ली-सिवड़ी कनेक्टर और कोस्टल रोड (दक्षिण की ओर जाने वाली) का भी यही हाल है,



जिन्हें क्रमशः अक्टूबर और दिसंबर 2023 तक पूरा किया जाना था. उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के प्रति राज्य सरकार की 'नफरत' के कारण इन परियोजनाओं में जानबूझकर देरी हुई, जिससे लागत में वृद्धि, भ्रष्टाचार और मुंबईकरों को असुविधा हुई. उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा, ''नवी मुंबई मेट्रो (11 किलोमीटर लंबी) पिछले पांच महीनों से उद्घाटन का इंतजार कर रही है. उनके (सत्तारूढ़ गठबंधन नेताओं) के पास अन्य राज्यों (जहां विधानसभा चुनाव हो रहे हैं) में प्रचार के लिए समय है, लेकिन अवैध मुख्यमंत्री के गृह जिले (ठाणे) में एक परियोजना के उद्घाटन के लिए समय नहीं है.''विपक्षी दल के विधायक ने कहा कि सत्तारूढ़ शिवसेना-भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) की ''पार्टी पहले, लोग बाद में''नीति महाराष्ट्र को नुकसान पहुंचा रही है.

# मुंबई में महिला डॉक्टर की लूटी अस्मत...

## दोस्ती की आड़ में किया बलात्कार-जबरन वसूली... आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र से मिली एक बड़ी खबर के अनुसार, यहां की राजधानी मुंबई से एक व्यक्ति को एक महिला डॉक्टर से कथित तौर पर बलात्कार करने और बाद उसे ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस घटना बाबत मुंबई पुलिस ने बीते बुधवार को कहा कि 38 वर्षीय एक व्यक्ति को एक महिला डॉक्टर से कथित तौर पर बलात्कार करने और बाद में उसे ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के



अनुसार उक्त भुक्तभोगी महिला बीते हफ्ते शिकायत लेकर दक्षिण मुंबई के गामदेवी पुलिस थाने पहुंची।

**दोस्ती की आड़ में बनाया शिकार**

इस मामले पर शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि तारदेव इलाके के एक क्लब में बैडमिंटन सत्र के दौरान आरोपी ने उससे दोस्ती की थी। हालांकि इस दौरान कुछ घरेलू मुद्दों के कारण वह अपने पति के साथ नहीं रह रही थीं। पुलिस के अनुसार आरोपी ने उसकी निजी जिंदगी के बारे में बातें करना शुरू कर दिया, धीरे-धीरे दोनों में दोस्ती और भी प्रगाढ़ हो गई थी।

वहीं पुलिस को शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसने मुद्दे को सुलझाने के लिए उससे मिलने को कहा और 20 अगस्त को मरीन ड्राइव इलाके के एक क्लब में मुलाकात के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर उसके पेय में नशीला पदार्थ मिला दिया था फिर वह उसके साथ कार में उसके घर गया, जहां उन्होंने कुछ शराब पी शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बताया कि जब वह शराब के नशे में थी, तब उसने उसके साथ बलात्कार किया। मामला यहीं खत्म नहीं हुआ, बीते अक्टूबर में आरोपी ने महिला से पैसे भी मांगे। शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया कि पहले तो उसने मना कर दिया, लेकिन बाद में जब उसने फिर इनकार कर दिया, तो आरोपी ने उसके वीडियो, तस्वीरें और चैट उसके पति और दोस्तों को भेजने और वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद महिला ने मजबूर होकर आरोपी को कथित तौर पर उसे 3.33 लाख रुपये दिए, लेकिन जब वह भुगतान करने की स्थिति में नहीं रही, तो उसने पुलिस से संपर्क किया। इस मामले पर पुलिस ने कहा कि, उस व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) और 384 (जबरन वसूली) के तहत गिरफ्तार किया गया और अब आगे की जांच जारी है।

# पुलिस को गुमराह करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**मीरा रोड :** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोगों को धोखा देकर 3 वर्षों से पुलिस को गुमराह करने वाले शातिर आरोपी (सुशील अंबीकाप्रसाद दुबे) को मध्यवर्ती अपराध जांच शाखा द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सुशील अंबिकाप्रसाद दुबे पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोगों से धोखाधड़ी करने का आरोप में (मीरा



रोड, नालासोपारा, अनाला व वालीव पुलिस स्टेशन) विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। लेकिन, पुलिस उसे ढूंढ नहीं पाई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी दुबे के खिलाफ वर्ष 2004 से मुंबई शहर, ठाणे शहर, नवी मुंबई, नागपुर के पुलिस स्टेशनों में धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं और उपरोक्त आरोपी को पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

# अवैध डंपिंग ग्राउंड से नागरिक परेशान



**उल्हासनगर :** शहर की कचरा समस्या निरंतर गंभीर रूप धारण करती जा रही है, बदबू धुएं से स्थानीय नागरिक परेशान है। अंबरनाथ, बदलापुर और उल्हासनगर मनपा क्षेत्र की संयुक्त ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना को गति मिलने से कुछ राहत मिल सकती है, एमएमआरडीए की 153वीं बैठक में अंबरनाथ, कुलगांव बदलापुर नगर परिषद एवं उल्हासनगर मनपा क्षेत्र की संयुक्त ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना को अक्टूबर 2022 में मंजूरी मिल गयी थी, परियोजना को लागू करने के लिए 148.68 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की भी गई थी, सर्वे नंबर 188 में 23.80 एकड़ भूमि पर संयुक्त ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना स्थापित की जाएगी।

# 14 लोगों पर बिजली चोरी का केस दर्ज, टोरेंट पॉवर कंपनी की 15 लाख की बिजली चोरी

**भिवंडी :** भिवंडी व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति व बिल वसूल करने वाली टोरेंट पॉवर कंपनी के उड़ान दस्ते ने बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। वही पर बिजली चोरों पर स्थानीय शांतिनगर पुलिस थाना में केस दर्ज करवा जा रहा है। इसके बावजूद बिजली चोरी की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हुई है। इसी क्रम में टोरेंट पॉवर कंपनी द्वारा पिछले 15 दिनों में बिजली चोरी के 8 मामलो में 14 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का केस दर्ज करवाया है। कुल 8 मामले में 14 लाख 96 हजार 30 रुपए की बिजली चोरी का खुलासा हुआ है। कंपनी के इस सख्त कार्रवाई से बिजली चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस के मुताबिक टोरेंट पॉवर कंपनी के एक्जीक्यूटिव कर्मचारी गौरव सुरेंद्र नंदेश्वर व उनकी टीम ने नागांव के हनुमान मंदिर के पास स्थित मकान नंबर 360 / ए, फ्लैट क्रमांक 101 में छापा मारकर 2 लाख 55 हजार 296 रुपए की बिजली पकड़ी है। बिजली चोरी के मामले में मकान मालिक द्वारका नाथ



मोतीराम भगत और अमित डी. भगत के खिलाफ शांतिनगर पुलिस थाना में केस दर्ज कराया है। उक्त दोनों मिलकर टोरेंट पॉवर कंपनी के सेक्सन पीलर से अवैध कनेक्शन कर बिजली चोरी कर रहे थे। कंपनी के सहा. व्यवस्थापक रितेश धनराज बुटले व उनकी टीम ने हाइवे दिवा, शंकर मंदिर के पास मकान नंबर 144 में छापामार कर 1,10,008.88 रुपए की बिजली चोरी का खुलासा किया है। बिजली उपभोक्ता नितीन गोपीनाथ पाटिल व प्रमोद गोपीनाथ पाटिल ने अपने आर्थिक फायदे खातिर टोरेंट के सिटिक्स बॉक्स से अवैध कनेक्शन कर बिजली चोरी करते हुए 5564 यूनिट बिजली इस्तेमाल किया था।

# अवैध पार्किंग पर पुलिस ने कसा शिकंजा...

**वसई:** मुंबई अहमदावाद हाइवे के वसोर्वा ब्रिज से गुजरात वॉर्डर तक, हाइवे साइड ढावों के अवैध पार्किंग पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने वसोर्वा ब्रिज से विरार फाटा के बीच लगभग 30 होटलों व ढावों को पत्र देकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। ढावों के अवैध पार्किंग से हाइवे पर ट्रैफिक जाम के साथ-साथ दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। बता दें कि पिछले दिनों एनएचआई व



मनपा ने हाइवे किनारे अवैध होटलों, ढाबों, स्टॉल्स और गैरेजेस पर कार्रवाई की थी। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से कुछ दिनों बाद ही तोड़ा गया अतिक्रमण फिर से खड़ा हो गया इस संबंध में पुलिस उप निरीक्षक विठ्ठल चिंतामण ने बताया कि हमनें वसोर्वा ब्रिज से लेकर विरार फाटा के बीच लगभग 30 होटलों व ढावों को पत्र दिया है कि वे पार्किंग की व्यवस्था अपने कम्पाउंड में करें। चिंतामण ने कहा कि आदेश का पालन न होने पर मोटर व्हिकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसी होटल या ढावे के बहार हादसा होने पर होटल मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस के आदेश के बाद अब होटल व ढाबे वालों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

# अश्लीलता परोसने के आरोप में पुलिस का बार पर छापा

**ठाणे :** अश्लीलता परोसने के आरोप में पुलिस ने कपूरबावड़ी स्थित नक्षत्र बार पर छापा मारकर दो संचालकों सहित एक दर्जन से अधिक ग्राहकों तथा महिला कर्मियों को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक चितलसर पुलिस थाना अंतर्गत नक्षत्र बार में आर्केस्ट्रा चलता है। स्टेज पर गाना पेश करने वाली गायिकाएं तथा शराब परोसने वाली महिला वेटर



ग्राहकों के साथ अश्लील हरकत करती हैं। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने रात के साढ़े बारह बजे बार पर छापा मारा और अश्लील हरकत करती हुई महिला कर्मियों तथा अश्लीलता में शामिल एक दर्जन ग्राहकों को हिरासत में ले लिया। इस मामले में पुलिस ने कोलशेत रोड स्थित मनोरमा नगर के कुम्भार चाल निवासी एवं बार संचालक मच्छींद्र विठ्ठल कुम्भार (49) तथा कपूरबावडी निवासी संजय सुरेंद्र के विरुद्ध खुद के फायदे के लिए अनैतिक गतिविधियों में महिलाओं को शामिल करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com